भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
राजस्व विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 75
(जिसका उत्तर सोमवार, दिनांक 1 दिसंबर, 2025/10 अग्रहायण, 1947(शक) को दिया जाना है)

प्रवर्तन निदेशालय के मामले

75. श्री शत्रुघ्न सिन्हाः

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) 1 जून, 2014 और 1 नवम्बर, 2025 के मध्य पीएमएलए, 2002 के अन्तर्गत प्रवर्तन निदेशालय द्वारा पंजीकृत मामलों की संख्या तथा इनका वर्ष-वार ब्यौरा क्या है तथा कितने मामलों में दोषसिद्धि हुई है; और
(ख) क्या यह सच है कि 49 मामलों में समापन रिपोर्ट दर्ज की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वित्त राज्य मंत्री
(श्री पंकज चौधरी)

(क) दिनांक 01.06.2014 से 31.10.2025 तक की अवधि के दौरान दर्ज किए गए मामलों, दर्ज अभियोजन शिकायतों (पी.सी.), प्रवर्तन निदेशालय (ई.डी.) द्वारा दायर पूरक पी.सी. और धन-शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएम.एल.ए.) के प्रावधानों के तहत दोषी ठहराए गए अभियुक्तों की वर्ष-वार ब्यौरा अनुलग्नक में दिया गया है।

(ख) वित्त (संख्या 2) अधिनियम, 2019 (2019 की संख्या 23) द्वारा धारा 44(1)(ख) में 01.08.2019 से लागू होने वाले परंतुक के सम्मिलन द्वारा पीएमएलए में संशोधन के बाद, उन मामलों में जहां धन-शोधन का कोई अपराध नहीं बनता है, विशेष न्यायालय, (पीएमएलए) के समक्ष ई.डी. द्वारा समापन रिपोर्ट दाखिल की जानी आवश्यक है। तब से, ई.डी. ने 93 मामलों में संबंधित विशेष न्यायालय के समक्ष समापन रिपोर्ट दाखिल की है, जहां विभिन्न कारणों से धन-शोधन का कोई अपराध नहीं बनता है, जैसे कि अनुसूचित अपराध के मामले का बंद होना, ऐसे मामले जहां न्यायालय को पीएमएलए के तहत परिभाषित अनुसूचित अपराध से संबंधित कोई अपराध नहीं मिलता है, विधेय अपराध के मामले को अभिखंडित करना आदि। उपर्युक्त संशोधन से पहले (यानी दिनांक 01.08.2019 से पूर्व), ऐसे मामले जिनमें धन-शोधन का कोई अपराध नहीं बनता था, क्षेत्रीय प्रवर्तन विशेष निदेशक की पूर्व स्वीकृति से बंद कर दिए जाते थे। इस प्रकार, पीएमएलए की शुरुआत यनि दिनांक 01.07.2005 से 31.07.2019 तक 1185 मामले बंद किए गए।

****

अनुलग्नक

क्रम सं.	अवधि	मामलों की संख्या	दर्ज किए गए मुख्य अभियोजन शिकायतों की संख्या	दर्ज किए गए पूरक अभियोजन शिकायतों की संख्या	माननीय विशेष न्यायालय, पीएमएलए द्वारा दोषी ठहराए गए अभियुक्तों की संख्या
1.	01.06.2014 से 31.03.2015 तक	179	55	04	0
2.	01.04.2015 से 31.03.2016 तक	110	57	11	0
3.	01.04.2016 से 31.03.2017 तक	187	99	11	2
4.	01.04.2017 से 31.03.2018 तक	163	92	19	2
5.	01.04.2018 से 31.03.2019 तक	152	234	59	8
6.	01.04.2019 से 31.03.2020 तक	557	55	28	7
7.	01.04.2020 से 31.03.2021 तक	996	140	39	1
8.	01.04.2021 से 31.03.2022 तक	1116	128	46	4
9.	01.04.2022 से 31.03.2023 तक	953	172	61	24
10.	01.04.2023 से 31.03.2024 तक	698	281	100	19
11.	01.04.2024 से 31.03.2025 तक	775	333	124	38
12.	01.04.2025 से 31.10.2025 तक	426	159	66	15
कुल		**6312**	**1805**	**568**	**120**